No. KVK/MKL/2026/199
22/07/2026

# कृषि विज्ञान केन्द्र, मण्डकौला (पलवल)
# चौ0 चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

(1970 के संसदीय अधिनियम संख्या 16 द्वारा संसोधित)

## मछली पालन तालाबों की नीलामी सूचना

चौ0 चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के मण्डकौला स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र पर दिनांक 07.08.2026 को प्रातः 11.00 बजे दो मछली पालन तालाबों ( कच्चा तालाब 4 एकड़ 2 कनाल क्षेत्र व पक्का तालाब 110x90 फुट साइज) की नीलामी 5 वर्षों के लिए यानि 07 अगस्त 2026 से 06 अगस्त, 2031 तक के लिए खुली बोली द्वारा की जाएगी। बोली लगाने से पहले प्रत्येक व्यक्ति को बतौर सिक्योरिटी पचास हजार रुपये जमा कराने होंगे जो बोली छूटने के पश्चात वापिस कर दिये जाएंगे। जिस ठेकेदार के नाम बोली छूटेगी उसकी सिक्योरिटी वापिस नहीं की जाएगी तथा इस राशि को ठेके की अवधि पूरी होने के बाद बिना ब्याज के वापिस कर दिया जाएगा। सबसे अधिक बोली लगााने वाले सफल बोलीदाता को बोली की कुल राशि का 40 प्रतिशत तत्काल जमा कराना होगा व शेष राशि चार समान किस्तो में 01 अगस्त 2027, 01 अगस्त 2028, 01 अगस्त 2029 व 01 अगस्त 2030 को जमा करानी होगी। इच्छुक बोलीदाता तालाबों का निरीक्षण करना चाहे तो केन्द्र के वरिष्ठ संयोजक की पूर्व अनुमति से किसी भी कार्यदिवस को कर सकता है। बोली छोड़ने या न छोड़ने बाबत समिति का फैसला अन्तिम होगा। बोली की शेष सभी शर्तें नीलामी के समय सुना दी जाएगी। किन्हीं कारणों से नीलामी रदद् भी की जा सकती हैं।

22/07/2026


वरिष्ठ संयोजक,
चौ.च.सिं.ह.कृ.वि.
कृषि विज्ञान केन्द्र,
मण्डकौला (पलवल)
मो0. न0. 09313607372